## खबर संक्षेप

### माइक्रो अर्ब्जबर का प्रशिक्षण आज

**शहडोल।** अपर कलेक्टर विकास एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन ने आदेश जारी किया है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर माइक्रो आर्ब्जबर का प्रशिक्षण 02 अप्रैल को शासकीय इंदिरा गांधी महाविद्यालय में प्रातः 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक दिया जायेगा। जारी आदेश मे कहा गया है कि मास्टर ट्रेनर्स नियत तिथि और समय में उपस्थित होकर प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करेंगे।

### सेल्फी लेकर मतदाताओं ने बताया मतदान का महत्व




**शहडोल।** कलेक्टर तरुण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए जिले में शत-प्रतिशत मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी अनुक्रम में जिले के ग्राम पंचायत चरहेट में वोटर सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। वोटर सेल्फी पॉइंट में मतदाताओं ने सेल्फी ली एवं मतदान का महत्व बताया। मतदाताओं ने कहा वोट हमारा है अधिकार इसे हम न करें बेकारए जन-जन की है यही पुकार वोट डालो अबकी बार। साथ ही आगामी 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील भी की।

### शासकीय हाई स्कूल जमताल में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**मैहर।** शासकीय हाई स्कूल जमताल संकुल नादन जिला मैहर में हर्षोल्लास से प्रवेशोत्सव मनाया गया। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार 1अप्रैल से नया शिक्षा सत्र प्रारंभ हो गया है जिसमें कक्षा एक में बच्चों का प्रवेश करना नवीन कक्षा में कक्षोंन्नत करना है जिसके तहत शासकीय हाई स्कूल जमताल में प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम मां सरस्वती की पूजा अर्चन के साथ प्रारंभ हुआ इसके बाद विद्यालय के छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया और उन्हें प्रतिदिन विद्यालय आने की प्रेरणा दी गई। इसके साथ ही बालसभा के माध्यम से रोचक कहानियां गीत बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए। तत्पश्चात बच्चों में चॉकलेट और प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों के साथ साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापक रजनीश कुमार गौतम,शिक्षक रामावतार कोल,शिक्षिका अल्का सिंह,शशिकला बंसल,ज्योति प्रजापति, रामाधार बुनकर,ऋषभ देव गौतम, अजय चतुर्वेदी, अभिषेक कुशवाहा, नम्रता द्विवेदी उपस्थित रहे।

### विन्ध्य चेम्बर का स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**सतना।** विन्ध्य चेम्बर आफ़ कॉमर्स द्वारा रविवार 31 मार्च को संगम बेला में होली मिलन (स्नेह मिलन) कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन की राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी रहीं। विन्ध्य चेम्बर आफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि सर्वप्रथम चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा द्वारा आमंत्रित अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया,चेम्बर के पदाधिकारी एवं कार्य समिति सदस्यों द्वारा सभी चेम्बर सदस्यों एवं सहयोगी संस्थाओं के पदाधिकारियों को दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। पंडित विनोद मिश्रा एवं उनकी टीम तथा सुमधुर आर्केस्ट्रा ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में सांसद गणेश सिंह,लक्ष्मी यादव,जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष गगनेंद्र प्रताप सिंह,पूर्व महापौर पुष्कर सिंह तोमर चेम्बर के पूर्व अध्यक्ष मोतीलाल गोयल,कमलेश पटेल,लखन अग्रवाल,द्वारिका गुप्ता,चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा,उपाध्यक्ष मनोहर वाधवानी उपस्थित रहे।

# शराब के कारोबार से शासन ने बटोरे 84.23 करोड़ रुपए

# खूब बिकेगी अवैध शराब

शराब के कारोबार से सरकार एक ओर अकूत धन कमा रही है और दूसरी ओर उसने नशा मुक्ति अभियान के लिए बजट लगभग बंद सा कर दिया है। इस स्थिति में नशे का कारोबार जिले भर में अपने पांव पसार रहा और समाजिक वातावरण बिगाड़ रहा है। लेकिन शासन को केवल अपने राजस्व से सरोकार है। इस बार तो शासन ने शराब से 84 करोड़ 23 लाख की भारी राशि अर्जित की है। जो बीते वर्ष से 15 फीसदी अधिक बताई गई है।

शहडोल




जिले भर में शराब का सेवन करने वालों की संख्या में जहां वृद्धि हो रही है वहीं उन्हे जायज-नाजायज तरीकों से शराब उपलब्ध कराने के मुकम्मल इंतजाम किए गए हैं। शराब विक्री के बढ़ते आंकड़े शासन के राजस्व के हिसाब से सुखद भले ही हो लेकिन सामाजिक दृष्टिकोण से यह एक चिंताजनक और त्रासद स्थिति ही कही जाएगी। वर्ष 2023-24 के लिए शासन ने कारोबार का लक्ष्य 73 करोड़ 80 लाख रुपए निर्धारित कर कमाई की थी। इस बार 15 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी कर 84 करोड़ 23 लाख रुपए की भारी भरकम राशि अर्जित की है। देखा जा सकता है कि शराब के कारोबार में साल दर साल करोड़ों रुपए की बढ़ोत्तरी हो रही है, इतने लम्बे कारोबार के पीछे अगर कोई ठोस आश्वासन और वजनदार संभावना नहीं होती तो शायद ही कोई असामी इस व्यवसाय में पूंजी लगाता। शासन की नशा मुक्ति के उपाय तो बजट की तंगी झेलते हुए लुप्तप्राय से हैं, जबकि नशे का कारोबार पूरे संसाधनों और पूंजी के साथ किया जा रहा है।

### गली कूचों में बिकेगी अवैध शराब

जितनी लम्बी पूंजी में इस बार ठेका हुआ है निश्चित ही आबकारी विभाग अपने ठेकेदारों को रकम वसूलने हेतु प्रश्रय देकर दो नंबर की शराब उपलब्ध कराएगा। शहर के अंदर संचालित विदेशी मदिरा की दूकानों में जो बिक्री होती है वह तो वैध मानी जाती है लेकिन उससे अधिक कमाई शराब के अवैध करोबार में है। अगर यह कहा जाए कि ठेका पद्धति को शो करके उसकी ओट में जमकर शराब तस्करी की जा रही है तो यह कहना शायद अधिक गलत नहीं होगा। हैरानी की बात यह है कि देशी विदेशी हर तरह की मदिरा गांव खेड़ों में आज सरलता से उपलब्ध है। चाय पान के ठेलों से लेकर किराना दूकानों तक में शराब पाउच में उपलब्ध रहती है। गांव खेड़ों की इन दूकानों तक मदिरा की पहुंच कैसे हो रही है, जाहिर सी बात है कि उसके लिए एक पूरा तंत्र काम कर रहा है।

### शिथिल हैं धरपकड़ के उपाय

जिले में अवैध शराब की आवक अविरत जारी है। रात के समय शराब की पेटियों से लदे वाहन सीमा पार कर अंदर घुसते हैं और ठिकाने में पहुंच कर माल उतार कर चंपत हो जाते हैं। मजे की बात यह है कि कई बार आबकारी विभाग का अमला ही सूचना और जानकारियां देकर माल उतरवा देता है तथा ठेकेदारों की कमाई का जरिया तैयार कर देता है। कोयलांचल में जहां शराब की खपत सर्वाधिक है वहां तो शराब का रेला जैसा बहता है। जितनी शराब दूकानों से बिकती है उससे कई गुना अधिक अवैध अड्डों से मिल जाती है। अण्डे की दूकानों और बिरयानी के ठेलों में भी शराब आसानी से उपलब्ध रहती है। लेकिन आबकारी ने कभी भी इन ठिकानों पर दबिश डालने का प्रयास नहीं किया। विभाग को सब पता है लेकिन ठेकेदारों को लाभ दिलाने के लिए विभाग उदासीन बना रहता है। केवल कभी टारगेट पूरा करने के लिए कुछ लंगोटी छाप देहातियों को पकड़ कर कोरम पूरा कर लिया जाता है।

### कहां गए नशा मुक्ति के उपाय

शासन नशा मुक्ति के उपाय के लिए पूर्व में सामाजिक न्याय विभाग को पर्याप्त बजट देता था, इससे कला पथक दल द्वारा प्रचार प्रचार, वाल पेंटिंग और स्कूलों में स्लोगन, निबंध लेखन आदि की स्पर्धाओं का आयोजन किया जाता था। बीच बीच रैलियां भी निकाली जाती थीं। लेकिन बाद के वर्षों में शासन ने बजट सिकोड़ दिया और कार्यक्रम भी धीरे धीरे बंद कर दिए गए। कला पथक दल सामाजिक न्याय विभाग में विशेषतया सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जनजागरुकता पैदा करने के लिए ही नियुक्त होता था। जो गांव गांव चौपालों या मंचों में स्थानीय भाषा और बोलियों में नुक्कड़ नाटक करता था और गीत-संगीत के माध्यम से भी लोगों तक अपनी बात पहुंचाता था। लेकिन अब यही दल कार्यालय में बाबूगिरी कर रहा है। अन्य समाज सेवी संस्थाओं, एनजीओ आदि को कोई सरोकार नहीं है। उन्हे वृक्षारोपण जैसे मालदार कार्यों से फुरसत नहीं है। इसलिए नशामुक्ति के उपाय घुट कर रह गए हैं।

### कानूनी जिम्मेदारी भी नहीं निभाते

नशे का कारोबार करने वालों को भी समाज के प्रति अपनी नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी का निर्वाह करना पड़ता है। सिगरेट और गुटखा पाउचों के रैपरो व पैकटों में इंज्यूरियस टु हेल्थ की चेतावनी लिखी दिखती है लेकिन शराब की बोतलों में ऐसी चेतावनी जल्दी दिखाई नहीं देती। दूकानों में भी कहीं कोई स्लोगन दिखाई नहीं पड़ता। शासन इसके लिए मानो उन्हे छूट दिए हुए हो। जहां नशे के फैलाव के लिए इतना सुंदर वातावरण निर्मित किया गया हो वहां यह कैसे उम्मीद की जा सकती है कि नशा नाश की जड़ है यह बात कोई समझ पाएगा।

## कल से पठारी में होगा श्री राम कथा महायज्ञ का आयोजन
## 9 दिवसीय आयोजन में पुण्य लाभ लेने की अपील




**उमरिया।** जिले के करकेली विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पठारी में स्थित मां ज्वालामुखी मंदिर में 9 दिवसीय पंचकुंडी श्रीराम कथा महायज्ञ का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के द्वारा आगामी 03 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित की जा रही है। तत्संबन्ध में मिली जानकारी के मुताबिक मां ज्वालामुखी मंदिर ग्राम पठारी में राजस्थान की प्रख्यात कथा वाचिका सुश्री राधिका किशोरी जी के मुखारविंद से श्रोताओं को कथा का रसपान कराया जायेगा वहीं श्रीधाम वृन्दावन के यज्ञाचार्य निलेश कृष्ण शास्त्री जी महाराज के द्वारा यज्ञ के धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए जायेंगे। बताया गया है कि 03 अप्रैल को कलश शोभा यात्रा व्यास पूजन ग्रंथ महिमा 04 अप्रैल को शिव विवाह, 05 अप्रैल को श्री राम जन्मोत्सव 06 अप्रैल को, बाललीला वर्णन 7 अप्रैल को, श्री राम विवाह उत्सव 8 अप्रैल को, वन गमन केवट संवाद 9 अप्रैल को, भरत चरित्र 10 अप्रैल को अरण्यकाण्ड शबरी प्रसंग, 11 अप्रैल को सुंदरकांड, श्री राम राज्याभिषेक 12 अप्रैल को, विशाल भंडारा के साथ 13 अप्रैल को, जवारे विसर्जन का कार्यक्रम संपन्न होगा। इस धार्मिक आयोजन के दौरान 11 अप्रैल को पंच कुंडी यज्ञ हवन सहित चढोत्तरी किया जायेगा। कार्यक्रम में सुबह 07 बजे से दोपहर 12 बजे तक पूजन और परायण के साथ दोपहर 03 बजे से शाम तक कथा का आयोजन कराया जायेगा। ग्राम पंचायत पठारी के सरपंच गोविंद प्रसाद गौतम बंटा महाराज सहित सभी सम्मानित ग्रामवासियों ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि सभी धर्मप्रेमी इस पुण्य अवसर में शामिल होकर पुण्यलाभ की प्राप्ति करें। उल्लेखनीय है कि ग्राम पठारी में मां ज्वालामुखी की भव्य प्रतिमा अत्यंत प्राचीन है जो बीते वर्षो से इमली पेड़ के नीचे स्थापित थी। उक्त प्रतिमा के लिए भव्य मंदिर का निर्माण कर प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन इस धार्मिक अनुष्ठान के साथ संपन्न कराया जायेगा।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आज नगर आगमन
## चुनावी सभा को करेंगे सम्बोधित



**शहडोल।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा का मंगलवार को नगर आगमन हो रहा है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा लोकसभा प्रत्याशी हिमाद्री सिंह के पक्ष में चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष का हेलीकॉप्टर से 02 अप्रैल को दोपहर 01 बजे जमुई हेलीपैड पर आगमन होगा। इसके बाद नगर के हृदय स्थल गांधी चौक में चुनावी सभा आयोजित की गई है, आमसभा को राष्ट्रीय अध्यक्ष सम्बोधित करेंगे, साथ ही अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे और सायं 5 बजे जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। जे.पी. नड्डा का यह प्रथम शहडोल आगमन है, जिसके कारण जिले भर के भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। भाजपा जिलाध्यक्ष कमल प्रताप सिंह द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया है कि संगठन स्तर पर श्री नड्डा के आगमन की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं, जिलाध्यक्ष ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से आमसभा में पहुँचने की अपील की है। गांधी चौक में आयोजित आमसभा में राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा, भाजपा प्रत्याशी हिमाद्री सिंह, जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह, जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी, संसदीय क्षेत्र में निवासरत पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहेगी। प्रदेश स्तर के नेताओं के भी मौजूद रहने की संभावना है। उक्त जानकारी भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट द्वारा दी गई है।

## आग लगने से गेहूं की फसल हुई राख

**उमरिया।** जिल के चंदिया तहसील अंतर्गत ग्राम नरवार-25 में मन्नी यादव पिता बट्टी यादव के खेत में खड़ी गेहूं की फसल में शार्ट सर्किट के कारण लगी, भीषण आग से गेहूं की फसल जलकर खाख हो गई। किसान मन्नी यादव का कहना है मेरे खेती के अलावा कोई आय का जरिया नहीं हैं, इसलिए मुझे उचित मुआवजा दिलाया जाए।



## चेकिंग के दौरान दो लोगों से 4.58 हजार रुपये जप्त

**शहडोल।** जिले में विशेष चेकिंग के दौरान दो लोगो से चार लाख 58 हजार रुपये जब्त किए गए हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान संचालित अंतर जिला चेकिंग नाका रुपौला, उमरिया-शहडोल बार्डर में सोववार की सुबह एसएससी की टीम ने चार लाख रुपये नगद जब्त किए है। गोहपारु थाना प्रभारी विनय सिंह गहरवार ने बताया कि हमारी टीम ने चेकिंग के दौरान मुख्तार खान पुत्र सुकुर खान निवासी ग्राम टिकरी जिला कटनी के पास से चार लाख रुपये जब्त किए गए हैं। मुख्तार खान कटनी से अनूपपुर की और रुपये लेकर जा रहा था। उससे रुपये से संबंधित दस्तावेज मांगे गए तो वह नहीं दे पाया है।इसके बाद रुपया जब्त कर कार्रवाई की गई है।कार्रवाई के दौरान टीम में एसएससी के एएसआइ जयबली सिंह,आरक्षक मोनू शर्मा, पटवारी अवदेश सोनी,पीसीओ बहादुर सिंह और वनपाल राजाराम सिंह शामिल थे। इनकी सूचना पर ही जांच पड़ताल की गई और राशि जब्त कर कार्रवाई की गई है। टीआई ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी तरुण भटनागर एवं पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के निर्देशन में लगातार नाके कड़ी निगरानी की जा रही है और कार्रवाई हो रही है। चेक पोस्ट अंतरजिला अमलाई रेलवे क्रासिंग में रविवार की देर रात चेंकिंग दौरान एसएसटी व अमलाई पुलिस ने संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुए प्रदीप पांडेय से 58 हजार रुपये जब्त किए है।यह अमलाई से रुपये लेकर अनूपपुर जा रहा था।अमलाई पुलिस के अनुसार उसके पास रुपये से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं थे,इसलिए रुपये जब्त कर कार्रवाई की गई है।

## विद्यालयों में मनाया गया प्रवेशोत्सव
## मतदान करने दिलाई शपथ

**जयसिंहनगर।** 01 अप्रैल से नया शिक्षा सत्र प्रारम्भ हो गया है राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार डीपी शहडोल के कुशल मार्गदर्शन एवं समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र की अगुवाई में विकासखण्ड जयसिंहनगर अन्तर्गत सभी विद्यालयों में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय नगड़वाह में भी प्रवेशोत्सव आयोजित किया गया, जहां आगनबाड़ी में दर्ज 06 वर्ष के 05 बच्चों को पहली कक्षा में प्रवेश दिया गया, विद्यालय के बड़ी कक्षाओं के छात्रों द्वारा नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को फूलों की माला पहनाकर व तिलक लगाकर स्वागत किया गया, साथ ही बालसभा का आयोजन कर वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। उपस्थित पालकों को छात्रों के प्रगति से अवगत कराया गया। बीआरसी समन्वयक आर. एन. विश्वकर्मा द्वारा सभी उपस्थित पालकों को 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु अपील की। प्रधानाध्यापक बाबूलाल जायसवाल द्वारा मतदान करने की शपथ दिलायी गयी।




### रमसा-कौआसरई में हुआ विद्यार्थियों का स्वागत

शासकीय माडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौआसरई में भी प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रभारी प्राचार्य योगेश कोष्ठी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं का स्वागत कर नयी कक्षा में प्रवेश कराया और उन्हें उपहार प्रदान किया, साथ ही शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान परमेश सिंह मरावी, रविकांत त्रिपाठी, मनोज शुक्ला व सुब्रता शुक्ला सहित विद्यालय के छात्र-छात्रा रहे।

## नपा में शत प्रतिशत मतदान करने किया जा रहा जागरूक

**धनपुरी।** नगर पालिका द्वारा 30 मार्च को वार्ड क्र.-10,11 एवं वार्ड क्र.-16,17,18,19,20,21 में घर-घर दस्तक देकर नागरिको को मतदान के प्रति जागरूक कर उत्साहित किया गया, साथ ही वार्ड क्र.-17 राधा कृष्ण मंदिर में होली मिलन समारोह में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें उपस्थित नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गयी। नगर पालिका की डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन के माध्यम से भी मतदाताओ को गीत के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रभात वरकड़े के द्वारा 19 अप्रैल को सभी नागरिको से 100 प्रतिशत मतदान करने हेतु अपील की गयी। उक्त कार्यक्रम मे सचिन कचेर, विनोद रजक, अमरेन्द्र यादव, अजय चतुर्वेदी, अशीष तिवारी, राकेश चौधरी, अनुराग सोनी आदि उपस्थित रहें।




## जनकपुर में मतदाता जागरूकता रैली का हुआ आयोजन



**शहडोल।** जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए ग्राम पंचायत जनकपुर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई और मतदाताओं से 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील भी की गई। मतदाता जागरूकता रैली के दौरान गली, मोहल्ले में पहुंचकर सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, चला चली मतदान करी ,अपने मत के मान करी, जन-जन की यही पुकार वोट डालो अब की बार के नारे भी लगाए गए। गौरतलब है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

## दीप श्रंखलाएं बनाकर मतदान करने की गई अपील



**शहडोल।** मेरा वोट, मेरी पहचान शत-प्रतिशत करना है मतदान, जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने एवं मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनन्द राय सिन्हा के नेतृत्व में जयसिंहनगर के बस स्टैंड में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दीपक के माध्यम से 100 प्रतिशत की दीप श्रखला भी बनाई गई। साथ मतदाताओं से 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील भी की गई।

खबर संक्षेप

## सीबीएम प्रोजेक्ट सहित आधा दर्जन पर लगा जुर्माना

**शहडोल।** पत्थर, मुरुम और रेत के अवैध परिवहन व भंडारण करने पर सीबीएम प्रोजेक्ट सहित आधा दर्जन पर कलेक्टर ने जुर्माना ठोका है और 15 दिन में राशि जमा करने के लिए नोटिस जारी किया है। बरहाई टोला में निर्माणाधीन गैस कुआं के निर्माण में लगने वाले पत्थर और मरुम के अवैध भंडारण पर कलेक्टर ने रिलायंस सीबीएम और उसके वेंडर एसोसिएट्स बिल्डर्स पर 49.46 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। कलेक्टर तरुण भटनागर ने इस मामले में मेसर्स रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (सीबीएम प्रोजेक्ट) लालपुर और मेसर्स एसोसिएट्स बिल्डर्स (अविनाश अग्रवाल) कोतमा को नोटिस जारी कर, 15 दिन में जवाब मांगा है। जानकारी के अनुसार स्थानीय ग्रामीण ने 24 फरवरी को सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज की थी कि बरहाई टोला में निर्माणाधीन गैस कुओं के निर्माण में पत्थर और मुरुम का अवैध रूप से उपयोग किया जा रहा है। खनिज विभाग की जांच में शिकायत सही पाए जाने पर प्रतिवेदन कलेक्टर को प्रस्तुत किया गया। प्रतिवेदन में पत्थर के अवैध भंडारण पर 7 लाख 60 हजार रूपए और मुरुम के अवैध भंडारण पर 41 लाख 86 हजार रुपये का जुर्माना अधिरोपित कर जवाब मांगा गया है।
कलेक्टर ने जिन्हें नोटिस जारी किया है, उसमें मेसर्स रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (सीबीएम प्रोजेक्ट) लालपुर को अवैध भंडारण कराने वाला बताया गया है। इसी तरह से मेसर्स एसोसिएट्स बिल्डर्स (अविनाश अग्रवाल) कोतमा को अवैध भंडारण करने वाला बताया गया है। कमिश्नर बीएस जामोद एवं कलेक्टर तरुण भटनागर के निर्देशन में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं अवैध भंडारण के विरुद्ध कार्रवाई शुरू की गई है।

## वाहन चालकों पर हुई कार्यवाही

**शहडोल।** सिटी पुलिस द्वारा 30 मार्च को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 99 चालानों में 39,800 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

## 6 आदतन अपराधी हुए जिला बदर

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिले के आदतन अपराधियों एवं गुंडा बदमाशों पर प्रभावी प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां की जा रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के सभा थाना प्रभारियों को उनके थाना क्षेत्रांतर्गत सक्रिय आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों को रोकने एवं कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा 06 सक्रिय आदतन अपराधियों के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही प्रस्तावित करते हुए प्रतिवेदन जिला दण्डाधिकारी की ओर प्रेषित किया गया है। आरोपियों अभिमन्यू उर्फ लाला कुशवाहा निवासी सोहागपुर, बब्लू उर्फ भूरा प्रजापति निवासी गोहपारू, ध्यान सिंह वादी निवासी देवलोंद, पप्पू उर्फ राकेश यादव निवासी कोतवाली, अजीत कुमार कोल निवासी सिंहपुर, रमेश पटेल निवासी सिंहपुर शामिल हैं।

## नाली निर्माण नहीं होने से हो रही दिक्कत

**सिलौंडी।** सिलौंडी में एक से डेढ़ माह पहले सड़क निर्माण हो चुका है । ठेकेदार ने अभी तक नाली नहीं बनाई गई जिससे स्थानीय दुकानों में नाली का गंदा पानी भरने की समस्या हो रही है। ग्राम के पंच रघुवीर सिंह ने बताया कि ठेकेदार ने सडक तो एक माह पहले ही बना दी है परन्तु अभी तक नाली का निर्माण नही है जिससे घरों का गंदा पानी स्थानीय दुकानों में भर रहा है जिससे उनकी सामग्री भी खराब हो जाती है। मुख्य मार्ग के किनारे रहने वाले लोग परेशान है । सोसायटी मार्ग के बाजू में महेन्द मोबाइल में रोज ही गंदा पानी जाता है।

पेयजल एवं विद्युत संबंधी समस्याओं का 24 घंटे के भीतर निराकरण करें

# पेयजल संकट वाले ग्रामों का चिन्हांकन कर अतिरिक्त व्यवस्था रखें : कलेक्टर



उमरिया

ग्रीष्म काल में पेयजल संकट वाले ग्रामों का चिन्हांकन पूर्व से ही कर लिया जाए तथा इन ग्रामों में पेयजल संकट के निदान हेतु अतिरिक्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, जल जीवन मिशन, ग्रामीण विकास विभाग, मुख्य नगर पालिका अधिकारियों तथा कार्यपालन यंत्री विद्युत मण्डल को निर्देश दिए है कि जहां भी आवश्यकता हो जल का परिवहन करने का प्रस्ताव तैयार करें तथा यह पेयजल किस स्त्रोत से किस मोहला तक ले जाना है तथा जल के परिवहन के लिए टैंकर आदि की भी व्यवस्था कर ली जाए। नगर पालिका कार्यालय तथा सीईओ जनपद पंचायतों के कार्यालयों में कंट्रोल रूम तथा शिकायत पंजी का संधारण किया जाए, जो भी शिकायते मिलती है, उन शिकायतों को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग को फारवर्ड कर दी जाए। जिससे उनका निराकरण शीघ्रता से हो सके।

### खराबी का करें निराकरण

कलेक्टर ने कहा कि पेयजल से संबंधित शिकायते, नल जल योजना के नहीं चलने, खराब होने, पंप खराब होने, पाईप लाइन खराब होने, हैण्डपंप खराब होने या जल स्तर नीचे गिर जाने तथा विद्युत संबंधी होती है, जहां भी आवश्यकता हो हैंडपंपो के राईजर पाईप बढ़ाये जाए। नल-जल योजनाओं की खराबी का निराकरण किया जाए। आवश्यकतानुसार सिंगल फेज के मोटर लगाए जाए तथा मोटर पंप खराब होने की स्थिति में शीघ्रता से मरम्मत कराई जाए ।

### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम बांधवगढ रीता डेहरिया, एसडीएम पाली टी आर नाग, एसडीएम मानपुर कमलेश नीरज, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण अमित तिवारी, सीईओ जनपद पंचायत, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, महाप्रबंधक जल जीवन मिशन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, कार्यपालन यंत्री विद्युत मण्डल अभिषेक सिंह सहित अन्य जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

# उमरिया स्टेशन से महिला लापता




उमरिया

रेलवे स्टेशन के बाहर से सन्दिग्ध परिस्थितियों में दो दिन से महिला के लापता होने की खबर है, इस मामले में थाना चंदिया अंतर्गत ग्राम कुदरा निवासी लापता महिला के पति ने कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायत की है, जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कर महिला के पतासाजी के प्रयास में जुट गई है। बताया जाता है कि किसी बात को लेकर पति ने पत्नी पर नाराजगी व्यक्त की थी, जिससे पत्नी नाराज़ थी, बाद में ग्राम पिपरिया अपने परिवारजन के घर आ गई थी, जानकारी पर पति पिपरिया पहुंचा और पत्नी से ग्राम कुदरा अपने घर चलने की बात कही, दोनो उमरिया स्टेशन आ गए पर इसी बीच पत्नी ग्राम पिनोरा स्थित अपने बहन के घर जाने की बात कही, जिस पर पति ने सहमति देते हुए पत्नी को स्टेशन छोड़ा और खुद चंदिया चला गया। रात करीब 08 बजे जब पत्नी के पहुंचने की बात उसकी बहन से पूछा तो पत्नी की बहन ने उसके आने की बात से इंकार कर दिया, जिसके बाद से ही पीड़ति पति परेशान है और सगे सम्बन्धियों के यहाँ लापता पत्नी को तलाश कर रहा है, सफलता न मिलने पर पूरे मामले की शिकायत सम्बंधित कोतवाली पुलिस से की है। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले में लापता महिला की तलाश में जुटी है।

# मुख्यमंत्री से भाजपा पदाधिकारियों ने किया वादा

**शहडोल।** संसदीय क्षेत्र की भाजपा सांसद प्रत्याशी हिमाद्री सिंह को दोनों विधानसभा में लाखों वोट से जीत दिलाने का वादा पार्टी पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से किया है, जिसमें स्वयं मौजूद रहीं सांसद प्रत्याशी हिमादी्र सिंह, राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल, प्रदेश पदाधिकारी अन्य प्रदेश महामंत्री सरतेन्दु तिवारी, ऊर्जावान जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे, विधायक सुश्री मीना सिंह, विधायक शिव नारायण सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष ओम नारायण सिंह, जिला पदाधिकारी। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव उमरिया जिला पहुंचे जहां पर पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी है। कार्यकर्ताओं में जोश और उमंग अत्यंत आवश्यक है, पार्टी पदाधिकारी केंद्र व राज्य




सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का गढ़ कहा जाने वाला क्षेत्र ही गढ़बड है, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को कहा कि अब तो कांग्रेस का गढ़ ही गड़बड़ है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी सवाल खड़ा कर दिए और कहा कि यहां कोई बचने वाला नहीं है जो देश की जनता के साथ गड़बड़ करेगा वह बच नहीं सकता। भाजपा की नीतियों से प्रेरित होकर जिले भर के सैकड़ों व्यक्ति पार्टी की सदस्यता लेकर डॉ. मोहन यादव के हाथों भाजपा का पट्टा पहना।


# उपयंत्री बाणसागर को कमिश्नर ने किया निलंबित

शहडोल

कमिश्नर बी.एस. जामोद ने निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर आकाश कुमार पाण्डेय, उपयंत्री बाणसागर को म.प्र. सिविल सेवा 'वर्गीकरण' नियंत्रण तथा अपील नियम. 1966 के नियम 9(1) (क) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में श्री पाण्डेय का मुख्यालय कार्यालय कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग क्र.02 शहडोल नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। जारी आदेश में कहा गया है कि आकाश कुमार पाण्डेय, उपयंत्री बाणसागर म.प्र. बिना किसी पूर्व सूचना के चेकपोस्ट से नदारद थे, जबकि लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जिले की सीमाओं पर अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी चेकपोस्ट पर आवश्यक रूप से लगाई गई है। इस प्रकार श्री पाण्डेय द्वारा बिना किसी सूचना के चेक पोस्ट से अनुपस्थित रहना निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य के प्रति उनकी घोर लापरवाही एवं उदासीनता को परिलक्षित करता है। श्री पाण्डेय का उक्त कृत्य म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम1965 के नियम-3 के विपरीत होने से दण्डनीय है।

# हिंदू समाज काशी और मथुरा लेकर रहेगा:तोगड़िया

**शहडोल।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण भाई तोगडिय़ा 31 मार्च की शाम मुख्यालय पहुंचे, यहां पर उनका कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि रामजन्म भूमि आंदोलन में प्रवीण तोगड़िया की अहम भूमिका रही है और वह विश्व हिंदू परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष भी रहे हैं। एक दिवसीय दौरे पर डॉ. प्रवीण तोगड़िया के पहुंचने पर कार्यकर्ताओं में भारी जोश दिखा। श्री तोगड़िया ने कहा कि अयोध्या के बाद अब काशी और मथुरा की बारी है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर तो बन गया है, अब हिंदू समाज काशी और मथुरा लेकर रहेगा। उन्होंने कहा कि देश में राम मंदिर निर्माण के कारण बहुत बड़ा परिवर्तन आया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि हमारी 24 घंटे भारत में मदद की व्यवस्था है। हिंदू हेल्प लाइन इसका नाम है, राम मंदिर इतनी जल्दी बना, इस बात पर उन्होंने कहा कि पिछले 32 वर्षों से जो पत्थर तैयार किए जा रहे थे, उनसे यह मंदिर बना। यह मंदिर इसी समय इसलिए बना क्योंकि देश जगा। हिंदू देश में सम्मान से रहेगा, इसके लिए काम करना ही पड़ेगा।डॉ. तोगडिय़ा ने नगर में 20 घंटे से अधिक का समय प्रवास में बिताएंगे। इस दौरान उनके 12 स्थान पर कार्यक्रम तय किए गए हैं। सबसे पहले डॉ. तोगड़िया शहडोल जिलाध्यक्ष देवेंद्र अनुरागी के आवास पर पहुंचे।



# विश्वविद्यालय में स्वच्छता एवं मतदाता जागरूकता का हुआ आयोजन

**शहडोल।** पंडित एस. एन. शुक्ला विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, शहडोल द्वारा रविवार को शहीद दिवस की श्रृंखला में स्वच्छता एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत स्वयसेवकों द्वारा कोतवाली के निकट स्थित शाहिद देवेंद्र सोनी की स्मारक की सफाई कर संगोष्ठी आयोजित की गई। प्लास्टिक बॉटल, पॉलीथीन की पन्नियां, रैपर, कांच की टूटी बोतलें आदि को एकत्रित किया गया। साथ ही मतदाता जागरूकता हेतु वॉल पेंटिंग कर शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। 'वोट फॉर बेटर इंडिया', 'बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता' आदि नारे लिखे गए। चित्रों के माध्यम से महिलाओं की समान हिस्सेदारी व निष्पक्ष होकर मतदान करने का संदेश दिया गया। महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योति सिंह ने स्वयंसेवकों को मतदान का महत्व बताते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सभी को अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करना है व सभी नगरवासियों को भी सम्मिलित होने के लिए संदेश देना है। युवा शक्ति ही इस देश को उच्च शिखर तक पहुंचाने में सक्षम है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.ज्योति सिंह के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ दलनाय श्रुति तिवारी के निर्देशन कार्यक्रम संपन्न हुआ। स्वयंसेवक शैली निगम, अनुराग कुमार मौर्य, सुचिता तिवारी, उत्तरा विश्वकर्मा, हर्ष तिवारी, अभिषेक श्रीवास्तव, प्रीति विश्वकर्मा, अनामिका सिंह धुर्वे, शाहीन खान, राजकुमार जाटव, शिवा सिंह, रागिनी, राजनंदनी सिंह, राजनांदनी सिंह रानी, हिना, वर्षा केवट, ममता सिंह, अंश, मनीष सिंह, सूरज सिंह ने सहभागिता निभाई।



## बदमाशों एवं अपराधिक तत्वों पर सतत की जा रही कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकसभा निर्वाचन 2024 की आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद शांतिपूर्ण, निर्विध्न, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने के उद्वेश्य से जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा गुंडे, बदमाश और आदतन अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही का सिलसिला सतत जारी है। जिले के अपराधों पर नियंत्रण और शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने अपराधिक प्रवृत्ति एवं शांति व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के आदेश पहले ही जारी कर दिया था।

### शांति व्यवस्था बिगाड़ने के मामलों में कार्यवाही

जिले में शांति व्यवस्था बिगाड़ने के 820 प्रकरणों में 897 लोगों पर धारा 107, 116 (3) के तहत कार्यवाही की गई है। जबकि 164 लोगों के विरूद्ध दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 110 के तहत कार्यवाही की गई है।इसी तरह धारा 151 के तहत 149 लोागें तथा धारा 122 के तहत 4 लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। निर्वाचन के दौरान शांति व्यवस्था के मद्देनजर 26 अपराधियों को जिला बदर किया गया है

# गुण्डे- बदमाशों पर हुई कार्यवाही जांच में लाखों रूपए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने एवं अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए जिले भर में पुलिस सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। कुठला पुलिस के द्वारा थाना क्षेत्र में सक्रिय निगरानी शुदा बदमाशों एवं अपराधियों के ठिकानों पर दबिश देकर उन्हें थाने लाया गया और उनकी परेड कराई गई। कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कटनी अभिजीत रंजन के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया और नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में कुठला पुलिस के द्वारा रात्रि कांबिंग गस्त के दौरान कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के सभी निगरानी बदमाश और गुंडा बदमाशों को चेक किया गया वा उनसे पूछताछ की कार्रवाई रात भर चलती रही।

पुलिस के द्वारा सख्ती से पूछताछ करने पर बदमाशों के पसीने छूट गए। पुलिस की इस कार्रवाई से थाना क्षेत्र में अपराधियों में खौफ है। क्षेत्र का भ्रमण करते हुए पुलिस की टीम के द्वारा सभी निगरानी बदमाशों को थाने में लाकर पूछताछ की गई। पुलिस की इस तरह की कार्यवाही के कारण क्षेत्र के आपराधिक तत्वों में हड़कंप की स्थिति निर्मित है।

### सटोरियों पर कार्यवाही

सटोरियो के द्वारा आई. पी.एल मे अवैध रूप से सट्टा खिलाने वालो के विरूध्द कार्यवाही करते हुए रायल चैलेंजर बैग्लोर व कोलकत्ता नाईट राईडर के मैच मे सट्टा खिलाते पाये जाने वाले दो व्यक्तियो के विरूध्द पृथक पृथक कार्यवाही कर दो आरोपी अजय थारवानी ऊर्फ पप्पन एवम् मोहित परस्वानी के कब्जे से दो मोबाईल फोन कीमती 1,19,000 रूपये, महिंद्रा थार कार कीमती 1400000 रूपये एवं नगदी 4100 रूपये जप्त की गई है।

### बाक्साइड लोड ट्रेक्टर जब्त

आदेशो के परिपालन मे आचार संहिता के प्रभावी होने से वाहनो की चैकिगं की गई। इसी प्रकार संघन पेट्रोलिगं के दौरान ट्रेक्टर मय ट्राली के बाक्साईट की चोरी करते पाये जाने पर वाहन चैकिगं के कुल 50 हजार रूपये की फ्रीबीज विधिवत जप्त की गई है। एक सोनालिका टेक्टर (बाक्साईट जैसा खनिज कीमती) भरी हुई कीमती 5 लाख रूपये की विधिवत जप्त कर कार्यवाही की जा रही है।

### प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

क्षेत्र मे शान्ति व्यवस्था भंग करते पाये जाने वाले 05 व्यक्तियो के विरूध्द धारा 151 जाफौ के तहत कार्यवाही कर एवं कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु 14 व्यक्तियो के विरूध्द धारा 107,116 (3) जाफौ के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। सघन कोबिंग गश्त के दौरान फरार चल रहे 04 स्थाई एवं 03 गिरफ्तारी वारण्टी तामील किये गये

# सात दिवसीय विशेष शिविर का कोतमा महाविद्यालय में शुभारंभ

**कोतमा।** शासकीय महाराजा मार्तंड महाविद्यालय कोतमा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ ग्राम जमुडी में सीएम राइस स्कूल के प्राचार्य दीपक पांडे के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। बौद्धिक परिचर्चा उद्बोधन में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकल्प के माध्यम से व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ कैरियर निर्माण के विभिन्न क्षेत्रों जैसे ग्रामीण विकास, कृषि, पर्यावरण संरक्षण, महिला एवं बाल विकास इत्यादि क्षेत्र में युवा बेहतर अवसर प्राप्त करते हैं, उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने वाले विद्यार्थी समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण एवं सक्रिय योगदान देते हुए उज्जवल भविष्य की संभावनाओं को निश्चित करते हैं । इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर राकेश कुमार पवार ने सभी एनएसएस स्वयंसेवकों को विशेष शिविर में सहभागिता करने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकल्प स्वयं के प्रति दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन लाते हुए व्यक्तित्व निर्माण का पथ प्रशस्त करता है। उल्लेखनीय है कि वर्ष में एक बार होने वाले सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान विभिन्न विषयों जैसे मतदाता जागरूकता बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत और प्राकृतिक खेती के संबंध में परियोजना कार्य का संपादन किया जाना है। प्रथम दिवस विभिन्न विषयों पर स्वाध्याय के पश्चात स्वयंसेवकों का उद्बोधन आयोजित किया गया। उद्घाटन सत्र के दिन स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम जमुडी के प्रत्येक परिवार में जाकर मतदाता सर्वेक्षण कर मतदान नहीं करने वाले मतदाताओं की पहचान की गई इसके साथ ही महिला इकाई की प्रतिमा चौहान सपना साहनी सुप्रिया पांडे मनु मिश्रा श्वेता भारती चांदनी के द्वारा महिलाओं के हाथों में मेहंदी लगाकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। उद्घाटन सत्र का आभार ज्ञानेंद्र द्विवेदी द्वारा किया गया। महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनीता तिवारी के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता में मेंहदी अभियान चलाया गया।



**खबर संक्षेप**

## महिला की जली हुई लाश मिली, पुलिस जांच में जुटी

**बुढ़ार।** थाना क्षेत्र के पंचवटी मुहल्ले पाण्डेय ढाबा के पीछे एक 20 वर्षीय महिला की अधजली लाश पुलिस को लावारिस हालत में मिली है पुलिस मामले की जांच पड़ताल प्रारम्भ कर दिया है।पुलिस ने बताया कि तीन चार दिनों पहले किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चहरे में पेट्रोल डाल कर अज्ञात महिला की हत्या कर सुनसान इलाके पर फेंक कर फरार हो गए हैं, महिला का चहेरा एवं सीना पुरी तरह से जला हुआ है मौके पर पंचनामा तैयार कर महिला के शव को पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा है पुलिस ने मर्ग क्रमांक 30/24 क़ायम कर मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। मौके पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डीसी सागर एवं उप पुलिस महानिदेशक श्रीमती सविता सुहाने पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण भी किया है।

## नैपाल सिंह जिला सचिव मनोनीत

**रीवा ।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा रीवा के उप प्रांताध्यक्ष एवम्-जिलाध्यक्ष के.सी. त्रिपाठी ने संघ में निहित प्रावधानानुसार जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए रिक्त पद के अधीन नैपाल सिंह को जिला सचिव का अतिरिक्त दायित्व सौंपा गया है। श्री सिंह संघ में पहले से ही संयोजक महाविद्यालयीन प्रकोष्ठ नियुक्त थे। संघ के संरक्षक मोतीलाल शर्मा,संभागीय अध्यक्ष धर्मपाल पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष त्रिवेणी शुक्ला,तहसील अध्यक्ष सुरेश सिंह, मनोज शर्मा,गोरेलाल तिवारी,उपाध्यक्ष छोटेलाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोरंजन यादव,सह कोषाध्यक्ष रामजी विश्वकर्मा, अजय सिंह, रामदरश तिवारी,रामदयाल विश्वकर्मा,कमला दुबे,रेनू गुप्ता सहित जिले के अनेकों कर्मचारियो ने बधाई दी है।

## मतदाता जागरूकता के लिए 3 अप्रैल को होगी मैराथन दौड़

**रीवा।** लोकसभा चुनाव में रीवा संसदीय क्षेत्र में प्रत्येक मतदाता की भागेदारी सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मैराथन दौड़ 3 अप्रैल को शाम 5 बजे स्पोर्टस काम्पलेक्स से प्रारंभ होकर विश्वविद्यालय रोड होते हुए कालेज चौराहा, शिल्पी प्लाजा, सांई मंदिर, गायत्री मंदिर से पुलिस कंट्रोल रूम में समाप्त होगी।

## निर्वाचन कार्य का प्रशिक्षण 3 अप्रैल से

**रीवा।** लोकसभा चुनाव के लिए रीवा संसदीय क्षेत्र में मतदान की तिथि 26 अप्रैल निर्धारित की गयी है। मतदान दल में शामिल पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों को निर्वाचन कार्य का प्रशिक्षण 3 अप्रैल एवं 4 अप्रैल को दिया जायेगा। इस प्रशिक्षण में विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में मतदान केन्द्र में तैनात होने वाले कर्मचारी भी शामिल होंगे। इस संबंध में प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि प्रशिक्षण शासकीय टीआरएस कालेज रीवा, शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय रीवा एवं शासकीय विधि महाविद्यालय रीवा में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण दोनों दिवसों में दो पालियों में आयोजित होगा।

## मुख्यमंत्री की सभा आज, सुबह 8 बजे जनता को करेंगे सम्बोधित

**रीवा ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 2 अप्रैल को सुबह रीवा पहुंच रहे हैं। विशेष वायुयान से रीवा एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां से कोठी कम्पाउण्ड स्थित चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। तत्पश्चात कोठी कम्पाउण्ड से रथ में शिल्पी प्लाजा होते हुए मार्तण्ड स्कूल होकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर भाजपा लोकसभा प्रत्याशी सांसद जनार्दन मिश्रा का नामांकन दाखिल कराएंगे। मुख्यमंत्री के रीवा आगमन पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री रीवा विधायक राजेन्द्र शुक्ला, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विधायक गिरीश गौतम, नागेन्द्र सिंह, दिव्यराज सिंह, प्रदीप पटेल, सिद्धार्थ तिवारी, इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, श्यामलाल द्विवेदी, पंचूलाल प्रजापति, पन्नाबाई प्रजापति, भाजपा प्रदेश मंत्री राजेश पाण्डेय, लोकसभा प्रभारी रामलाल रौतेल, लोकसभा संयोजक प्रबोध व्यास, रीवा भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह, मउगंज जिलाध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र मिश्रा जनसभा में उपस्थित होने की अपील की है।

### विलियस नं. 1 में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन

# भगवान कृष्णा की भक्ति गंगा बहा रहे पं. बालकृष्ण

**धनपुरी ।** शंकर मंदिर बिलियन नंबर 1 वार्ड नंबर 5 मंदिर के पास प्रांगण में 28 मार्च से 5 अप्रैल तक श्रीमद् भागवत सप्ताह कथा ज्ञान यज्ञ का भाव आयोजन चल रहा है। श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे और चौथे दिन कथा का आयोजन को लेकर, बड़े ही धूमधाम से महिलाएं पुरुष बच्चे बढ़ चढ़कर भागवत कथा लाभ ले रहे हैं । भागवत कथा प्रातः 8 बजे से 12 बजे दोपहर तक 3:00 से शांत 7 बजे तक प्रतिदिन चल रहा है।

श्रीमद भागवत कथा के कथावाचक श्री बालकृष्ण पांडे जी महाराज (उत्तर प्रदेश) महाराज सहयोगी जनों के साथ भागवत कथा संगीतमय भव्य आयोजन किया जा रहा है। भागवत सुनने सभी वार्डों के लोग पहुंच रहे हैं। भागवत कथा के तीसरे दिन श्री कृष्ण जी के जन्म उत्सव पर नन्हे-मुन्ने बच्चों को श्रीकृष्ण के रूप में सुसज्जित कर उनकी झांकी देखने को मिला जो लोगों का मन मोह लिया।

भागवत कथा का चौथा दिन कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, उधव गोपी संवाद, ऊधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना व रुकमणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया। भारी संख्या में भक्तगण दर्शन हेतु शामिल हुए। कथा के दौरान महाराज ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया। महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया।

### विवाह उत्सव

भगवान श्रीकृष्ण रुकमणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। भागवत कथा के



चौथे दिन कथा स्थल पर रूकमणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रीकृष्ण रुक्मणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई।कथावाचक श्री महाराज ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है।

### रुक्मिणी विवाह

कथा श्रवण के दौरान स्थानीय महिलाओं पर पांडवों के भाव अवतरित हुए। कथा वाचक ने कहा कि श्रीरुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर विस्तृत विवरण दिया। रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर व्याख्यान करते हुए उन्होंने कहा कि रुक्मणी के भाई रुक्मणि ने उनका विवाह शिशुपाल के साथ सुनिश्चित किया था, लेकिन रुक्मणी ने संकल्प लिया था कि वह शिशुपाल को नहीं केवल गोपाल को पति के रूप में वरण करेंगे। उन्होंने कहा शिशुपाल असत्य मार्गी है। द्वारिकाधीश भगवान श्री कृष्ण सत्य मार्गी है। इसलिए वो असत्य को नहीं सत्य को अपनाएगी।अंत भगवान श्रीद्वारकाधीशजी ने रुक्मणी के सत्य संकल्प को पूर्ण किया। उन्हें पत्नी के रूप में वरण करके प्रधान पटरानी का स्थान दिया रुक्मणी विवाह प्रसंग पर आगे कथावाचक ने कहा इस प्रसंग को श्रद्धा के साथ श्रवण करने से कन्याओं को अच्छे घर और वर की प्राप्ति होती है और दांपत्य जीवन सुखद रहता है।

### प्रसाद के है व्यापक इंतजाम

सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद मिले ऐसी व्यवस्था शुक्ला परिवार के द्वारा इसकी व्यापक इंतजाम किए हुए हैं प्रतिदिन भागवत कथा के उपरांत प्रसाद का बांटने का व्यवस्था की गई है जिससे सभी श्रद्धालु को प्रसाद लेते समय किसी भी प्रकार का कष्ट ना हो उसके लिए व्यापक इंतजाम किए हुए हैं और गेट के दोनों तरफ से प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

## इंजीनियरिंग कॉलेज की दो ब्रांच को मिला एनबीए एक्रिडिटिएशन, तीन साल रहेगा मान्य

**रीवा।** उच्च शिक्षा विभाग में सरकारी कालेजों का जिस तरह से नैक मूल्यांकन होता है, ठीक उसी तर्ज पर तकनीकी कालेजों में एनबीए मूल्यांकन की प्रक्रिया को पूरा किया जाता है। एनबीए मुख्यालय दिल्ली द्वारा संभागीय मुख्यालय में संचालित होने वाले शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज की दो ब्रांच को एनबीए एक्रिडिटिएशन दिया गया है। शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ बीके अग्रवाल ने बताया कि दूसरी बार कालेज की दो ब्रांच को यह सौगात मिली है। उन्होंने बताया कि साल 2021 में कालेज की सिविल, मैकेनिकल और इलेक्ट्रीकल ब्रांच को यह सौगात मिली थी। लेकिन उसके बाद इलेक्ट्रीकल ब्रांच के एचओडी सेवानिवृत्त हो गए और शासन ने रिक्त पद पर पदस्थापना नहीं की। प्राचार्य ने बताया कि हमने तीनों ब्रांच के लिए दोबारा आवेदन किया था लेकिन मुख्यालय दिल्ली ने दो के लिए अनुमति प्रदान की। उन्होंने बताया कि बीते नौ मार्च को एनबीए की दो सदस्यीय टीम ने कालेज पहुंच कर सिविल और मैकेनिकल विभाग का निरीक्षण किया। शैक्षणिक व्यवस्था के साथ साथ टीम के सदस्यों ने लैब सहित अन्य व्यवस्था का भौतिक सत्यापन किया। टीम ने अपनी निरीक्षण रिपोर्ट एनबीए मुख्यालय दिल्ली को सौंपी, जहां से 27 मार्च को मेल आया कि शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज की सिविल और मैकेनिकल ब्रांच को एनबीए एक्रिडिटिएशन प्रदान किया गया है। प्राचार्य ने बताया कि यह सौगात मार्च 2027 तक कायम रहेगी, इसके बाद पुनः आवेदन करने के बाद टीम निरीक्षण करने के लिए कालेज आएगी। सिविल और मैकेनिकल ब्रांच की डिग्री में एनबीए एक्रिडिटिएशन का उल्लेख रहेगा और यह डिग्री विश्व के 54 देशों में मान्य होगी। उन्होंने बताया कि कैंपस सलेक्शन के दौरान बड़ी कंपनियां कालेज के छात्र छात्राओं को महत्व देंगी।

# जिले के 6 पुलिस कर्मियों को मिला अति व उत्कृष्ट सेवा सम्मान

**खाकी वर्दी धारी के रूप में किया अपने कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन**

**धनपुरी।** जिले के विभिन्न थानो में पदस्थ 6 पुलिस कर्मियों को अति उत्कृष्ट तथा उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया हैं। यह सम्मान वर्ष 2022 के लिये केन्द्रीय गृह मंत्रालय, भारत सरकार के राजपत्र आदेश क्रमांक 30 दिनांक 28 जुलाई 2018 के माध्यम स्थापित केन्द्रीय गृहमंत्री का अति उत्कृष्ट सेवा पदक तथा उत्कृष्ट सेवा पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को उनकी अति उत्कृष्ट/ उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रदान किया गया हैं। उक्त सूची मे जिले के कुल 6 पुलिस कर्मी शामिल हैं। इनमें 2 को अति उत्कृष्ट तथा शेष 4 को उत्कृष्ट सेवा सम्मान से नवाज़ा गया हैं। जिसमें अति उत्कृष्ट सेवा पाने वाले जिले के पुलिसकर्मियों मे उपनिरीक्षक राजदेव मिश्रा पुलिस अधीक्षक कार्यालय शहडोल व सहायक उपनिरीक्षक रतिराम सिँह थाना आजाक शहडोल तथा उत्कृष्ट सेवा सम्मान पाने वालों में प्रधान आरक्षक गजेंद्र सिँह थाना धनपुरी, गणेश पांडेय थाना अमलाई, मनोज शुक्ला थाना सोहगपुर व संतोष सिँह परिहार थाना सोहगपुर शामिल हैं। निश्चित ही इन पुलिस कर्मियों को मिला यह सेवा सम्मान जिला पुलिस महकमे के किए गर्व की बात हैं। विदित हो कि इन सम्मानित पुलिस कर्मियों द्वारा बदन पर मौजूद खाकी के कर्तव्यों के साथ साथ मानवता का फर्ज भी बखूबी अपनी सेवा काल मे अदा किया। जिसके परिणाम स्वरुप उन्हें इस उत्कृष्ट सेवा सम्मान से नवाजा गया हैं। इस सेवा सम्मान पर अतरिक्त पुलिस महानिदेशक डीसी सागर, पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक समेत सहकर्मी पुलिस कर्मियों ने बधाई प्रेषित की हैं।

# मुख्यमंत्री का आगमन आज यातायात व्यवस्था में रहेगा बदलाव

**रीवा।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का नगर आगमन मंगलवार को हो रहा है। वे लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा का नामांकन दाखिल कराने के बाद आम सभा को संबोधित करेंगे।

मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए यातायात पुलिस द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक बदलाव किया गया है, जिससे आम जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े। यातायात थाना प्रभारी अनिमा शर्मा ने बताया कि मंगलवार को शहर के धोबिया टंकी से जयस्तंभ चौक की तरफ जाने वाला ट्राफिक अस्पताल चौक, प्रकाश चौराहा, स्टेच्यू चौराहा होते हुए बड़ी पुल की ओर जा सकेगा। जबकि धोबिया टंकी से सिरमौर चौक की ओर जाने वाला ट्राफिक अस्पताल चौराहा, अमहिया रोड होकर सिरमौर चौक से गुजरेगा। इसी तरह ढेकहा तिराहे की ओर से आने वाले आटो वाहन वेंकट तिराहा, स्टेचू चौक, प्रकाश चौराहा, अस्पताल चौक से धोबिया टंकी, सिरमौर चौक की ओर जा सकेंगे। पुलिस ने बताया कि चोरहटा बायपास से आने वाले बस एवं आटो वाहन एजी कॉलेज मोड, बडी पुल, वेंकट तिराहा होकर क्रमशः बस स्टैण्ड एवं स्टेचू चौक, अस्पताल चौक से धोबिया टंकी की ओर जा सकेंगे। कार्यक्रम स्थल मे आने वाले बडे वाहन (बस) के लिये पार्किंग लाडली लक्ष्मी मार्ग मे एवं छोटे वाहन (कार एवं मो०सा०) के लिये मानस भवन मे निर्धारित किया गया है।

## सरई पुलिस द्वारा किशोरी बालिका के साथ बदसलूकी करने वाले व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देशन में अ0पु0अ0सिंगरौली श्री शिव कुमार वर्मा व अ0अ0पु0 देवसर श्री राहुल कुमार सैयाम के मार्गदर्शन में थाना सरई को मिली बड़ी सफलता। 16 वर्षीय किशोरी बालिका के साथ छेडछाड करने वाला व्यक्ति को सरई पुलिस ने चंद घंटे मे किया। 30.03.2024 को पीडिता द्वारा रिपोर्ट लेख कराई कि दिनाकं 19/03/2024 को शासकीय उ.मा. वि.बरका से परीक्षा के उपरांत वापस गृह ग्राम जाते समय रास्ते मे अकेली पाकर आरोपी महाबली सिंह पिता जगमोहन सिंह निवासी पीपरखाड द्वारा बुरी नियत से छेडछाड करने लगा, हल्ला गोहार करने पर आसपास के लोग आये तब तक आरोपी मौके से भाग गया । पीडिता की रिपोर्ट पर अप.क्र. 401/2024 धारा 354 ताहि. 7/8 पाक्सो एक्ट के तहत मामला पंजीबध्द कर विवेचना मे ली गई । वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार थाना प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह द्वारा गठित पुलिस टीम द्वारा दिनांक 31/03/2024 को आरोपी महाबली सिंह पिता जगमोहन सिंह उम्र 19 वर्ष निवासी पीपरखाड को उसके निवास ग्राम के आसपास घेराबंदी कर चंद घंटे मे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेजा गया । निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह, उनि बालेन्द्र त्यागी, उनि प्रियंका सिंह, प्र.आर. माधव प्रताप सिंह, आर.लोकेन्द्र सिंह, मनीष ठाकुर, म.आर.किरण की महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया



**रीवा ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान में भागीदारी सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। जिले में स्वीप गतिविधि के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय रीवा में दीवार लेखन कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। त्योंथर विकासखण्ड के कोटरा खुर्द में महिलाओं को शपथ दिलाई गयी। शासकीय महाविद्यालय गोविंदगढ़ एवं सिरमौर महाविद्यालय में छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता के बारे में बताया गया। मऊगंज जिले के बहेराडाबर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की महिला सदस्यों ने रैली निकालकर ग्रामीणजनों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में मतदाता जागरूकता रथ द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गाली देने वाले को पार्टी ने पैसे से बेचा लोकसभा का टिकट: भगत शुक्ला

**रीवा।** अपनी जिंदगी के 40 साल कांग्रेस के लिए न्यौछावर करने वाले पूर्व जिला ग्रामीण अध्यक्ष त्रियुगीनारायण शुक्ला ने पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी नेतृत्वहीन हो चुकी है। रीवा लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी ने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा करते हुए टिकट उस पूंजीपति के हाथों बेच दी जो कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं पर अत्याचार किया। किसी को गुंडो से मरवाया तो किसी पर फर्जी एफआईआर दर्ज करवाई। इतना ही नहीं भाजपा में रहते कांग्रेसियों को घूम-घूम कर गाली देने वाले के हाथो टिकट बेची, जिससे कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। पत्रकारवार्ता कर पूर्व जिला ग्रामीण अध्यक्ष त्रियुगीनाराण शुक्ला ने बताया कि आज हम अपने डेढ़ सौ साथियों के साथ कांग्रेस पार्टी से स्तीफा दे रहे है। कांग्रेस को यह झटका उस वक्त लगा जब रीवा में कांग्रेस से ही लोकसभा चुनाव के संभागीय प्रभारी अजय सिंह राहुल और जिला प्रभारी एंव नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह राजूपत चुनावी हलचल में शमां बाधने रीवा में पदार्पण किये। पत्रकारवार्ता के दौरान श्री शुक्ला ने कहा कि सेमरिया विधानसभा में कांग्रेस को 16 हजार मतो से 40 हजार मतों तक पहुंचाया। मैंने अपने कांग्रेस साथियों के साथ मिलकर 1 लाख से अधिक सक्रिय सदस्य बनाये। जिले में 135 सेक्टर व 415 मंडलम का गठन किया, जिले में 2014 बूथ कमेटी का गठन किया। गांव-गांव, गली-गली जाकर कांग्रेस की बात आमजन तक पहुंचाई और जब टिकट की बात आई तो पार्टी के आला कमान पूंजीपति के हाथों का खिलौना बन गये। पैसों के आगे उन्होंने यह भी नहीं देखा कि जिस महिला को वह टिकट दे रहे है। वो महिला आज भी भाजपा से स्तीफा नहीं दी है। और उसके पति टिकट के लिए बिना पेंदी के लोटा की तरह कभी भाजपा में तो कभी कांग्रेस में गुलाटी मारते हैं। जिनका खुद का जमींर नहीं है वो पार्टी के कितने विश्वासपात्र होंगे पैसों की चकाचौंध के आगे पार्टी के आला कमानों ने यह न तो देखा और न ही सोचा। यदि उनको महिला प्रत्याशी ही लोकसभा चुनाव मैदान में उतारना था तो कांग्रेस पार्टी में कई ऐसी महिला नेत्री हैं जो पार्टी के लिए निष्ठा पूर्वक काम कर रही और टिकट की दावेदारी तक की थी।

## महेश बाबू स्मृति समिति एवं साईंशा फाउंडेशन के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन



**रीवा ।** विंध्य क्षेत्र की साहित्यिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था स्वर्गीय महेश बाबू स्मृति समिति एवं साईंशा सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रंग पंचमी के अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन स्थानीय उर्रहट स्थित कृष्णा सदन में आयोजित किया गया!

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल रहे जबकि अध्यक्षता महेश बाबू स्मृति समिति के अध्यक्ष इंजी. वशिष्ठ मुनि शर्मा ने की! विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व महापौर ममता गुप्ता, जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष विभा पटेल, महिला नेत्री कविता पांडेय, विंध्य विकास प्राधिकरण की पूर्व उपाध्यक्ष विमलेश मिश्रा, पूर्व जनपद अध्यक्ष रायपुर कर्चुलियान लाल बहादुर सिंह, वरिष्ठ मीसाबंदी एवं समाजसेवी सुभाष श्रीवास्तव, जिला पंचायत सदस्य लालमणि त्रिपाठी, वार्ड 7 के निवर्तमान पार्षद शिवदत्त पांडेय, वरिष्ठ मीसाबंदी बृहस्पति सिंह, राजनेता के. के. गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवी गोविन्द प्रसाद तिवारी, टी.आर.एस कॉलेज के पूर्व प्रेसिडेंट सुबोध पांडेय एवं वार्ड 16 के पार्षद सालिक राम नापित उपस्थित रहे! कार्यक्रम का संचालन साईंशा फाउंडेशन के सचिव सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने किया! सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. महेश प्रसाद श्रीवास्तव के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ! तत्पश्चात सभी अतिथियों का सम्मान अंगवस्त्र, श्रीफल भेंट कर, बैच लगा कर एवं माल्यार्पण के साथ किया गया! तदुपरांत सभी ने एक दूसरे को अबीर एवं गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी! कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों ने कहा कि- जहाँ एक ओर जातिवाद धर्मवाद का आधार लेकर लोगों को बाँटने का कार्य किया जा रहा हो वही दूसरी ओर महेश बाबू स्मृति समिति एवं साईंशा फाउंडेशन का ये आयोजन सराहनीय, प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय है, जहाँ हर जाति, धर्म, मजहब के लोग एक साथ होली का त्यौहार मनाने के लिए एकत्रित हुए!

**आपसी प्रेम की प्रगाढ़ता का पर्व है होली- राजमणि पटेल**

होली मिलन समारोह के इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के जो महत्वपूर्ण लोग उपस्थित थे उनमें प्रमुख रूप से शशि मिश्रा, आर.के. वर्मा, महेंद्र कुमार चौराहा, डॉ राज किशोर कुशवाहा, रामायण पटेल, यतीन्द्र सिंह, शोभनाथ गुप्ता, संतोष नामदेव, आशीष सोनी, रवि करण सिंह, मुकुंद मिश्रा, दीपचंद विश्वकर्मा, पूनम मिश्रा, शमशेर बहादुर सिंह एवं राजकुमार मिश्रा आदि शामिल रहे! कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार साईंशा फाउंडेशन के अध्यक्ष साकेत श्रीवास्तव ने व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न

**अनूपपुर।** मतदान जागरूकता अभियान योजना अंतर्गत जिला स्तरीय ओपन वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन ब्लॉक अनूपपुर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 28 मार्च को नयू राजनगर वॉलीबॉल खेल मैदान में आयोजित किया गया इसमें अनूपपुर ब्लॉक की टीमों ने भाग लिया। विजेता टीम राजनगर विजेता टीम कमल नगर खिलाडियो से थाना प्रभारी रामनगर द्वारा परिचय प्राप्त किया गया विजेता टीम को पुरस्कार सीएमओ बनगवा राजेंद्र कुशवाहा प्राचार्य शा उच्च माध्यमिक विद्यालय संतोष कुमार सक्सेना पत्रकार सुमिता शर्मा के हाथों से वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामचंद्र यादव जिला खेल प्रशिक्षक खेल और युवा कल्याण विभाग अनूपपुर शेख खलील कुरैशी जनजाति कार्यविभाग जिला क्रिडा प्रभारी मोहम्मद सलीम सिदकी पी.टी आई प्रेम पांडे पीटीआई संदीप मंडल अतिथि पीटीआई हरिशंकर यादव सोमनाथ प्रचेता राम जी विन्द सुरेंद्र शर्मा विक्रांत प्रताप सिंह पंकज उपाध्याय सिनियर खिलाड़ियों भी मौजूद रहे निर्णायक रूप में जितेंद्र पनिका अतुल कुमार यादव ने भूमिका निभाई।

### चलित मतदान दल प्रशिक्षण आज

**अनूपपुर।** एकलव्य उ.मा.वि.अनूपपुर में 2 अप्रैल को अयोजित चलित मतदान दल के प्रशिक्षण समय में आंशिक रूप से परिवर्तन किया गया है। अब यह प्रशिक्षण प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक के स्थान पर प्रातः 09 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित किया जावेगा। सर्व संबंधितों को निर्धारित परिवर्तित समय पर उपस्थित होने को कहा गया है।

### खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरूद्ध 21 प्रकरण दर्ज

**अनूपपुर।** खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण पर प्रभावी रोकथाम हेतु कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशन में खनिज विभाग द्वारा 01 मार्च 2024 से 31 मार्च 2024 तक सतत रूप से अनूपपुर जिले के अंतर्गत खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरुद्ध कार्यवाही कर कुल 21 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिनमें कुल 20 वाहनों को जप्त किया गया है। पंजीबद्ध कुल प्रकरणों में खनिज कार्यालय द्वारा अर्थदंड राशि रुपये 27 लाख 51 हजार 165 प्रस्तावित कर निराकरण हेतु कलेक्टर न्यायालय अनूपपुर को प्रेषित किया गया है।

### मतदान हेतु मतदाता की पहचान के लिए 12 फोटोयुक्त पहचान पत्र होंगे मान्य

**अनूपपुर।** जिले के सभी तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 19 अप्रैल को प्रातः 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदाता की पहचान सुनिश्चित होने के बाद ही उसे मतदान का अवसर मिलेगा। मतदाता सूची में नाम शामिल होने पर मतदाता अपने मतदाता पहचान पत्र से मतदान का अवसर प्राप्त कर सकेंगे। मतदाता पहचान पत्र के अलावा निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता की पहचान सुनिश्चित करने के लिए 12 फोटोयुक्त पहचान पत्रों को मान्यता दी गई है। इनमें से किसी एक का उपयोग करके मतदाता की पहचान सुनिश्चित हो जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ ने बताया कि 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र अथवा राज्य सरकार तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र को मान्य किया गया है। इसके साथ-साथ बैंक और डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों तथा विधायकों को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक दिव्यांगता आईडी शामिल है।

---

### न्यायालय के आदेश के बाद पूर्व में शराब दुकान किया गया था स्थानांतरित

# विवादित स्थल पर फिर संचालित हुआ शराब दुकान क्रमांक 2

**अनूपपुर।** नगर पालिका अनूपपुर के वार्ड क्रमांक 5 में संचालित अंग्रेजी शराब दुकान हटाने के जन उपयोगी स्थायी लोक अदालत के आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय जबलपुर मे अंग्रेजी शराब दुकान के संचालक द्वारा दायर की गई रिट पिटीशन को 2 नवंबर 2022 को खारिज कर लोक अदालत के आदेश को यथावत रखते हुए आबकारी विभाग के उच्चधिकारियों सहित कलेक्टर अनूपपुर को एक माह के भीतर हटाने के आदेश जारी रखा था, आदेश के कुछ माह बाद शराब दुकान को वहां से स्थानांतरित कर स्टेशन के पास कर दिया गया परंतु एक बार फिर वही विवादित जगह पर 1 अप्रैल से शराब दुकान संचालित की जाने लगी जो माननीय न्यायालय के आदेश का सरासर उल्लंघन है। 7 सितम्बर 2021 को जन उपयोगी स्थायी लोक अदालत के माध्यम एवं जिला सत्र न्यायाधीश भू-भास्कर यादव पीठ के सदस्य एनके परते कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग ने संयुक्त फैसले में यह आदेश जारी कर न्यायालय ने सभी अनावेदकों को आदेश दिया था कि वार्ड क्रमांक 5 अनूपपुर में स्थित अंग्रेजी शराब दुकान को भीतर अन्यत्र हटाया जाये। जिस आदेश के बाद वहां से उक्त शराब दुकान हटाया तो गया लेकिन साल भर बाद पुनः कंपोजिट शराब दुकान क्रमांक 2 को उसी जगह पर संचालित किया जाने लगा जहां पर पूर्व मे विवाद बढ़ा था तथा न्यायालय के आदेश पर दुकान हटाया गया था।




लगभग साल भर बाद फिर उसी जगह को आबकारी विभाग ने चुना

#### फैसले के खिलाफ दुकान संचालक ने दायर की थी याचिका

लोक अदालत के फैसले को गलत बताते हुये दुकान संचालक सहित अन्य ने उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका दायर की थी। जिसमे जन उपयोगी स्थायी लोक अदालत में दायर आवेदन में बताया गया था कि लॉ प्रकरण में दोनों पक्षों के लगभग 22 बिन्दुओं पर सुनवाई के उपरांत यह आदेश दिया गया था। आदेश में इस बात को भी स्पष्ट किया गया था कि महत्वपूर्ण मामला यह विनिश्चित करने के लिए प्रस्तुत नहीं किया गया है कि शराब की दुकान को कहां पर स्थापित किया जाए, बल्कि इसलिए कि जहां पर दुकान चलाई जा रही है उससे लोगों को आवागमन, स्वच्छता की सामान्य सुविधा से वंचित रखा जा रहा है वहीं आवेदक द्वारा शराब दुकान से 100 से 200 मीटर की दूरी में स्कूल संस्थानों, रेलवे सोसायटी, रेलवे स्टेशन, मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारा सहित यातायात व्यवस्था प्रभावित व रहवासी क्षेत्र में दुकान से महिलाओं व बच्चों को होने वाली परेशानी पर भी न्यायालय ने गम्भीरता से संज्ञान लिया था।

#### तब 1 माह के भीतर शराब दुकान हटाने का दिया था आदेश

प्रकरण में अधिवक्ता रहे अधिवक्ता बृजेंद्र सोनी ने बताया कि आवेदक डॉक्टर एमएम मंसूरी द्वारा लोकहित में शराब दुकान को अन्यत्र स्थापित किए जाने हेतु दायर याचिका में आयुक्त मध्य प्रदेश आबकारी विभाग ग्वालियर, जिला आबकारी अधिकारी, अनूपपुर, जिला कलेक्टर अनूपपुर एवं अंग्रेजी शराब दुकान लाइसेंसी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था। न्यायालय में आवेदक डॉक्टर एम एम, मंसूरी सहित एडवोकेट अशोक खेमका, उमेश सिंह एवं सीताराम मिश्रा ने गवाह के रूप में अपने बयान न्यायालय के समक्ष दर्ज कराए थे। पूरी सुनवाई के बाद न्यायालय उच्च न्यायिक सेवा ने अध्यक्ष जन उपयोगी लोक अदालत भू भास्कर यादव एवं कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सदस्य लोक उपयोगी लोक अदालत अनूपपुर की संयुक्त पीठ के फैसले को यथावत रखते हुए अंग्रेजी शराब दुकान को 1 माह के भीतर हटाये जाए का आदेश दिया था।

#### न्यायालय ने पिटीशन कर दी थी खारिज

मामले मे अधिवक्ता बृजेंद्र सोनी सहित अधिवक्ता साबिर अली ने पैरवी की और आदेश के विरुद्ध अंग्रेजी शराब दुकान के संचालक द्वारा उच्च न्यायालय जबलपुर में रिट पिटिशन दायर की थी जिस पर न्यायालय ने पहले स्थाई जन उपयोगी लोक अदालत अनूपपुर के निर्णय के आदेश के विरुद्ध स्थगन दिया था उसके पश्चात 2 नवंबर को सुनवाई के उपरांत न्यायाधीश एसए धर्माधिकारी ने सुनवाई के उपरांत वादी की पिटीशन खारिज कर दी। जिस से स्थाई जन उपयोगी लोक अदालत अनूपपुर का दिया हुआ निर्णय फिर से प्रभाव सील हो गया है।

#### विवादित स्थल पर क्यों संचालित किया गया शराब दुकान

स्टेशन के पास वार्ड क्रमांक 5 में संचालित अंग्रेजी शराब दुकान क्रमांक 2 के रहवासी क्षेत्र मे होने व आसपास के लोगों के आपत्ति यहां तक कि माननीय न्यायालय मे याचिका के बाद स्थानांतरित किये गये शराब दुकान को दोबारा उसी विवादित स्थल पर संचालित क्यों करवाया गया यह समझ से परे है। जबकि इस मामले मे जिला आबकारी समेत कलेक्टर, एसडीएम व अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को भलि भांति ज्ञात है कि उस जगह पर शराब दुकान संचालित करने मे स्थानीय लोगों द्वारा पुरजोर आपत्ति की गई थी और अभी भी आपत्ति की जायेगी इसके बाद भी शराब दुकान का मनमर्जीपूर्वक तथा माननीय न्यायालय के आदेश के विरूद्ध संचालन जिला प्रशासन की हठधर्मिता को दर्शाता है।

#### इनका कहना है

लायसेंसी को नोटिस देकर विवादित स्थल से दुकान हटेगी।

**सावित्री भगत**
**जिला आबकारी अधिकारी अनूपपुर**

---

# अपने पैसे का दिखावा व दोस्तों की गरीबी का मजाक उड़ाने पर दोस्तों ने कर दी थी हत्या

**अनूपपुर।** 26 मार्च की रात करीब 09 बजे थाना बिजुरी को यह सूचना मिली कि कोरजा रोड़ टिकरी खेरवा सुनसान मैदान में महुआ पेड़ के पास किसी अज्ञात व्यक्ति की लाश पड़ी हुई है जिसकि सूचना पर मौके से मर्ग कायम कर जांच में लिया गया जो घटना स्थल निरीक्षण एवं शव की शारीरिक चोटों से प्रथम दृष्टया हत्या का मामला पाये जाने पर अपराध कमांक 93/24 धारा 302,201 भा०द०वि० का कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में एक अज्ञात व्यक्ति की हत्या अज्ञात व्यक्ति द्वारा की गई थी, पुलिस के सामने अज्ञात मृतक एवं उसके अज्ञात हत्यारों की पतारसी की दोहरी चुनौती थी। प्रकरण गंभीर व पतारसी चुनौतीपूर्ण होने से मौके पर तत्काल डी०सी० सागर, अति० पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन, सुश्री सविता सोहाने, पुलिस उप महानिरीक्षक, शहडोल, जितेन्द्र सिंह पवार, पुलिस अधीक्षक अनूपपुर, शिवकुमार सिंह, अति०पुलिस अधीक्षक अनूपपुर एवं बी०पी० सिंह, एसडीओपी कोतमा मौके पर पहुँचे तथा अज्ञात मृतक एवं हत्यारों की पतारसी के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मृतक एवं अज्ञात आरोपियों की जानकारी देने वालों को अति० पुलिस महानिदेशक शहडोल द्वारा 30000 रुपए की ईनाम दिये जाने की उद्घोषणा की गई। प्रकरण की घटना स्थल का निरीक्षण एफएसएल टीम शहडोल, फिंगर प्रिंट टीम शहडोल, डॉग स्काड टीम से कराया गया जिनके द्वारा घटना स्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्यों का संकलन किया गया। इस चुनौतीपूर्ण प्रकरण के तत्काल खुलासे के लिये पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा एसडीओपी कोतमा के नेतृत्व में विशेष विवेचना दल गठित कर अज्ञात मृतक एवं आरोपियों की पता तलाश कराई गई। जो अज्ञात शव के मिलने के 24 घंटे में मृतक की शिनाख्त सूर्यनारायण उर्फ मिर्ची कोल पिता कोमला कोल उम्र 20 वर्ष नि० ठोडहा थाना कोतमा के रूप में हुई। मृतक 25.03.24 की रात से घर से बाहर गया तथा 26.03.24 की रात उसका शव घटना स्थल बिजुरी के पास पाया गया, परिवारजन एवं ग्रामीणों से पुलिस द्वारा बारीकी से पूछताछ की गई जो संदेहियों के बारे में जानकारी दी, जिस पर संदेहियों से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी दुर्योधन विश्वकर्मा पिता मंगलू विश्वकर्मा उम्र 30 वर्ष, बीरन प्रसाद कोल पिता रामस्वरूप कोल उम्र 24 वर्ष, उमेश उर्फ छोटू कोल पिता रामस्वरूप कोल उम्र 20 वर्ष, मदन चौधरी पिता लाला प्रसाद चौधरी उम्र 28 वर्ष, राकेश चौधरी पिता सुरेश चौधरी उम्र 20 वर्ष सभी नि० ठोड़हा थाना कोतमा के द्वारा यह खुलासा किया गया कि मृतक मिर्ची उर्फ सूर्यनारायण कोल अपने पैसे का दिखावा करता था, अपने दोस्तों की गरीबी का मजाक उड़ाता था जिससे उपरोक्त आरोपी मृतक से रंजिश रखते थे। 25.03.24 को मृतक द्वारा आरोपी छोटू उर्फ उमेश कोल के साथ मारपीट का मजाक बनाया गया इसके साथ ही मृतक सूर्यनारायण के सामने मृतक के जीजा आनन्द के द्वारा छोटू उर्फ उमेश कोल के साथ मारपीट कर दी गई, जिससे नाराज होकर आरोपियों द्वारा मृतक की हत्या करने की योजना बनाई गई जिसमें मृतक को बिजुरी से बाहर सूनसान मैदान का चयन किया तथा मिर्ची उर्फ सूर्यनारायण कोल को उक्त स्थान पर बातचीत के बहाने ले जाकर उसके साथ मारपीट की और उसका मोबाईल छीन लिया एवं उसके कपडे पलट दिये। पाँचों आरोपियों द्वारा लकड़ी, राड, पत्थर, ईंटों के साथ ही बियर की बोतल को फोडकर उससे मारकर गम्भीर चोटें पहुंचाकर उसकी हत्या कर दी। उसकी पहचान बताने वाले दस्तावेज और मोबाईल को अपने साथ मृतक की पहचान छुपाने की नियत से अपने साथ ले जाया गया जो मोबाईल, दस्तावेज, घटना में प्रयुक्त वाहन मोटर सायकल एवं हत्या के प्रयुक्त हथियार आरोपियों के कब्जे से जप्त किया गया है और उपरोक्त आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है। यह तथ्य उल्लेखनीय है कि आरोपी दुर्योधन विश्वकर्मा के विरूद्ध थाना कोतमा में अप०क्र० 11/10 धारा 363, 366, 376 भादवि, एवं अप०क्र0 296/15 धारा 379 भादिव का पंजीबद्ध है ।



अज्ञात शव के अंधे कत्ल का बिजुरी पुलिस ने किया खुलासा

---

# राष्ट्र गीत और राष्ट्र गान से कलेक्ट्रेट में शुरू हुआ कार्यालयीन कार्य

**अनूपपुर।** अप्रैल माह के प्रथम दिन जिले के कलेक्ट्रेट कार्यालय में राष्ट्र गीत वन्दे मातरम और राष्ट्र गान जन-गण-मन के सामूहिक गायन के बाद कार्यालयीन गतिविधियां प्रारंभ हुई। कलेक्ट्रेट में कलेक्ट्रेट कार्यालय अधीक्षक राम मिलन राठौर ने राष्ट्रगीत वन्दे मातरम और राष्ट्रगान जन-गण-मन का गायन कराया। इस दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी बी.एस. परिहार सहित कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।



# जिला न्यायालय परिसर में किया गया पौधरोपण

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निदेर्शानुसार सोमवार 01 अप्रैल को प्रदेशव्यापी अप्रैल कूल एक दिवसीय पौधरोपण अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पौधरोपण अभियान के तहत जिला न्यायालय परिसर में पौधरोपण किया गया। लगातार बढ़ रहे तापमान को दृष्टिगत रखते हुये आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम की थीम अप्रैल कूल के तहत पर्यावरण संरक्षण, संवर्धन एवं बढ़ते प्रदूषण से निजात पाने के उद्देश्य से प्रधान जिला न्यायाधीश रविन्दर सिंह, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पंकज जायसवाल, द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र प्रसाद सेवतिया, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती चैनवती ताराम, न्यायिक मजिस्ट्रेट रामअवतार पटेल, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती शिवानी असाटी, न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री अंजली शाह, जिला विधिक सहायता अधिकारी दिलावर सिंह, लीगल एड डिफेंस काउंसिल से संतदास नापित, शाबिर अली, रामकृष्ण सोनी, श्रीमती शोभा पटेल, विकास शुक्ला, आयुष सोनी ने परिसर में जामुन, आम, अमरूद, शहतूत, बहेरा, बादाम सहित अन्य फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया। इस दौरान पौधों के रख-रखाव, सुरक्षा, सिंचाई के लिये समुचित व्यवस्था की गई और ट्री गार्ड लगवाया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला प्राधिकरण व न्यायालय के कर्मचारियों ने भी शामिल होकर पौधरोपण कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता की।




---

**विचार गोष्ठी में सर संघचालक मोहन भागवत को पत्र सौंप कर कराया ध्यानाकर्षण**

# प्रशासन से आतंकित है अमरकंटक का संत समाज





अमरकंटक। के लगभग सभी आश्रमों, मठों, मन्दिरों के समाजसेवी साधु संत इन दिनों प्रशासन की कार्यवाही को लेकर आतंकित हैं। उनका आरोप है कि नर्मदा जी पर बांध बना कर जल ठहराव सुनिश्चित करके पहले तटों को विस्तार दिया गया और अब चालीस पचास साल से यहाँ आध्यात्मिक, धार्मिक गतिविधियों में लगे साधु संतों को कार्यवाही का भय दिखलाया जा रहा है।

प्रशासन से डरे अमरकंटक के लगभग सभी साधु संतों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परमपूज्य

### पर्यावरण संरक्षण को लेकर सर संघचालक मोहन भागवत से जताई चिंता

सरसंघचालक डा मोहन भागवत के 30-31 मार्च को अमरकंटक प्रवास के दौरान आयोजित साधु संतो की विचारगोष्ठी में उन्हें एक पत्र सौंप कर उनका ध्यानाकर्षण किया। साधु संतगणों ने अमरकंटक एवं नर्मदा संरक्षण पर अपने विचार रखते हुए कहा कि मां नर्मदा की प्राकट्य भूमि, संतो की साधना एवं तपस्थली अमरकंटक में डा भागवत का अभिनंदन है। भगवान शंकर के नीलकंठ को अमरत्व प्रदान करने वाली यह धरा अनादिकाल से साधु संतो की तप व साधनास्थली रही है। यहां के आध्यात्मिक स्पंदन से अभिभूत होकर कपिल मुनि, ऋषि दुर्वासा, भृगु आदि ने भी यहां तपस्या की है। आज भी इस नगर में अनेकानेक संत महात्मा निवास व साधनारत है। राज्य व स्थानीय प्रशासन उन्हें समय समय पर बारंबार, अनवरत उन्हें उद्वेलित और परेशान करता है, जबकि साधु संतों का सेवार्थ और परमार्थ ही आज इस मां नर्मदा की प्राकट्य भूमि को देश और दुनिया के नक्शे में पहचान देता है और धर्मप्रिय सनातनियों को यहां आकर्षित करता है।

#### प्रशासन कर रहा परेशान

पत्र के माध्यम से कहा गया कि कभी पर्यावरण के नाम पर, कभी मां नर्मदा से दूरी को लेकर, कभी लीज विस्तारीकरण आदि मुद्दो को लेकर यहां का संत समाज हमेशा प्रशासन से त्रस्त और भयाक्रांत रहता है। 2007 से पहले नर्मदा की जलधारा का स्वरूप अतिसीमित और सिकुड़ा हुआ था, तभी से संत इससे 100 मीटर और उससे ज्यादा दूरी पर आश्रम बनाकर उसमें निवासरत थे। विंध्यप्रदेश के समय यहां की भूमि सन 1952 में टाऊन डेब्लपमेंट बोर्ड को दी गई थी। इस समय कई साधु संतों को तत्कालीन प्रशासन ने लीज पर जमीन आवंटित की। आज उन साधु संतों के भक्तों व अनुनायियों ने उनके निवास हेतु आश्रम बनवा दिये और आज भी अनेकानेक महात्मा वीरान जंगलों में निवास व साधनारत हैं। मध्य प्रदेश शासन के टाउन एंड कंट्री प्लानिंग ने जलधारा से 30 मीटर और उससे अधिक मीटर दूर संतो को लीज पर जमीन का आवंटन किया। अब जिनकी लीज की समय सीमा समाप्त हो रही, उनके आवेदनों के बाद भी लीज का विस्तारीकरण नहीं किया जा रहा है।

#### एनजीटी ने बढाया दायरा

यहाँ के कुछ प्रमुख संतों ने चर्चा करते हुए बतलाया कि एनजीटी ने जलधारा से दूरी का दायरा 100 मीटर कर दिया और राज्य व स्थानीय प्रशासन इसे कभी 200 और कभी 300 मीटर निर्धारित करता है। कालांतर मे स्टॉप डेम बनाकर नर्मदा की जलधारा को विस्तारित कर दिया गया, जो पाट पहले मुश्किल से एक सवा मीटर था, अब वह 200 से 250 मीटर है। अब उससे कभी 100 मीटर, कभी 200 मीटर और कभी 300 मीटर के दायरे पर अवस्थित संत समाज को बारंबार विस्थापन का भय पैदा किया जाता है। बंदोबस्त भी की कई वर्षों से नहीं हुआ। जब जैसा शासन प्रशासन ने चाहा उसे परिभाषित किया जाता है। ऐसे भय के माहौल में साधु संतों की साधना, सेवार्थ और परमार्थ का कार्य बाधित होता है।

#### विधि सम्मत न्याय की मांग

डॉ. मोहन भागवत से कहा गया कि आप सनातन और राष्ट्रधर्म के ध्वजवाहक हैं, लगातार विचलित और भयग्रस्त यहां का संतसमाज अपनी एवं सनातन धर्म की अस्मिता के लिए आपसे प्रार्थना करता है कि कुछ माहों के अंतराल में बारंबार संत समाज को शासन प्रशासन के आतंक से यहां के इतिहास और कालांतर में किए गए जलधारा के पाट विस्तारीकरण को दृष्टिगत रखते हुऐ, विधिसम्मत तरीके से न्याय दिलायें। इस हेतु इस अंचल का संत समाज आपका ऋणी और आभारी रहेगा।